Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

अभ्यास पत्र -1

विषय – हिंदी

कक्षा –आठ **अप्रैल – 2025**

प्रश्न (1निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते है इसलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव मजबूत बन जाती है तो जीवन भी मजबूत और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुंदर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर सिंचन और खाद मिल जाती है, वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन-जिन गुणों की आवश्यकता है, उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुंदर पाठशाला है। यहाँ पर अपने साथियों के बीच रहकर वे सभी गुण आ जाने आवश्यक हैं, जिनकी विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यकता होती है।

1.जीवन की आधारशिला किसे कहा जा सकता है? सही उत्तर चुनिए –

क) सभ्य नागरिकता को
ख) अनुशासित होने को
ग) मानसिक विकास को
घ) विद्यार्थी जीवन को

2 आदर्श विद्यार्थी कौन कहलाता है ?

2.वृक्ष के सही पर्यायवाची चुनिए |

क) तरु , भीरु
ख) वृक्ष , नृप
ग) तरु , वृक्ष
घ) नृप , भीरु

3 मन लगाकर अध्ययन करने से क्या होता है ?

क) उसे ज्ञान प्राप्त होता है |

ख) उसकी नींव मजबूत होती है |

ग) क , ख दोनों विकल्प सही हैं |

घ) क, ख दोनों विकल्प गलत हैं |

4 सभ्य शब्द का विलोम चुनिए –

ङ) असभ्य

च) नासभ्य

छ) साधारण

ज) संतोषी

5.आदर्श विद्यार्थी कौन कहलाता है ?

प्रश्न 2) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए –

क) आज टीवी पर रेखा गुप्ता जी का परिचय दिखाया गया |

ख) अंगूर की बेल लगी है |

ग) अध्यापिका कक्षा में नहीं है |

घ) कृष्ण और सुदामा की मित्रता प्रसिद्ध है |

ङ) बच्चे खेल रहे हैं |

प्रश्न 3) निम्नलिखित वाक्यों में लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए –

क) जंगल में मोर नाचता है |

ख) धोबी ने माँ को कपड़े धोकर दिए |

ग) मैं जा रहा हूँ |

घ) दादाजी व चाचा जी कलकता गए |

ङ) मगरमच्छ पानी में रहता है |

प्रश्न 4) वचन बदलें -

क) ड़ब्बा

ख) भेड़

ग) किताब

घ) पक्षी

ङ) नेता

प्रश्न5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क) बदलू काका का परिचय अपने शब्दों में लिखिए |

ख) लाख की चूड़ियाँ पाठ हमें क्या समझाता है ?

ग) दीवानों की चाल अन्य लोगों की चाल से किस तरह अलग होती है?

प्रश्न 6) अनुच्छेद लेखन –

निम्नलिखित विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए |

‘खेल वही जो मेल बढ़ाए’